मेसर्स हिन्द एनर्जी एंड कोल बेनिफिकेशन (इंडिया) लि0, ग्राम–गतौरा, तहसील–मस्तूरी, जिला बिलासपुर में प्रस्तावित कोल वॉशरी क्षमता–0.96 मिलियन टन/वर्ष के लिए भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु दिनांक 20.11.2012, को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण, ग्राम–कर्रा, तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर मे संपन्न लोक सुनवाई का कार्यवाही विवरण।

---

भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की ई0 आई0 ए0 अधिसूचना 14.09.2006 के अंतर्गत् मेसर्स हिन्द एनर्जी एंड कोल बेनिफिकेशन (इंडिया) लि0, ग्राम–गतौरा, तहसील–मस्तूरी, जिला बिलासपुर में प्रस्तावित कोल वॉशरी क्षमता–0.96 मिलियन टन/वर्ष के लिए, भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए छ0ग0 पर्यावरण संरक्षण मंडल में लोक सुनवाई हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र के परिपेक्ष्य में जिला कलेक्टर, बिलासपुर द्वारा जन सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि दिनांक 20.11.2012, को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण, ग्राम–कर्रा, तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर मे श्री नीलकंठ टिकाम, अपर कलेक्टर, बिलासपुर की अध्यक्षता एवं बी0 एस0 ठाकुर, क्षेत्रीय अधिकारी, छ0ग0 पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर की सहभागिता में लोक सुनवाई प्रारंभ की गई।

अपर कलेक्टर, बिलासपुर द्वारा उपस्थित जन समुदाय, जन प्रतिनिधियो तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए जन सुनवाई के महत्व एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए लोक सुनवाई के संबंध में छ0ग0 पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा अभी तक की गई कार्यवाही से जनसामान्य को अवगत कराया गया। तत्पश्चात उनके द्वारा लोक सुनवाई प्रारंभ करने की विधिवत घोषणा की गई। साथ ही यह व्यवस्था दी गई कि लोक सुनवाई मे सभी इच्छुक वक्ताओं को अपनी राय, सुझाव, विचार तथा आपत्तियां रखने के लिए पूरा–पूरा अवसर दिया जावेगा तथा सभी वक्ताओं के बोलने के पश्चात् ही लोक सुनवाई की कार्यवाही समाप्त की जावेगी। साथ ही यह भी समझाईश दी गई कि जब वक्ता अपना वक्तब्य दे रहे हो तो उस समय कोई अन्य व्यक्ति व्यवधान न डाले व कोई टीका टिप्पणी न करें, तथा शांति व्यवस्था बनाई रखी जावें। यह भी बताया गया कि जो कोई व्यक्ति लिखित में अपना विचार, सुझाव, सहमति व आपत्ति आदि देना चाहे तो वे जन सनुवाई के दौरान दे सकते है। ऐसे लिखित मे प्राप्त सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां की अभिस्वीकृति छ0ग0 पर्यावरण संरक्षण मंडल, के क्षेत्रीय कार्यालय, बिलासपुर के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा दी जावेगी तथा उसे अभिलेख में सम्मिलित किया जावेगा।

This document was created using Smart PDF Creator
To remove this message purchase the product at www.SmartPDFCreator.com

इसके पश्चात् मेसर्स हिन्द एनर्जी एंड कोल बेनिफिकेशन (इंडिया) लि0, ग्राम–गतौरा, तहसील–मस्तूरी, जिला बिलासपुर के महाप्रबंधक द्वारा प्रस्तावित उद्योग के संबंध में सामान्य एवं तकनीकी जानकारी के साथ पर्यावरणीय प्रभाव के संबंध में किये गये आंकलन की जानकारी से जन सामान्य को अवगत कराया गया ।

तत्पश्चात् अपर कलेक्टर, बिलासपुर द्वारा प्रस्तावित कोल वॉशरी के संबंध में पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु उपस्थित जनसामान्य से सुझाव, विचार, टीका टिपण्णी एवं आपत्तियां लिखित या मौखिक रूप से प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया। जन सुनवाई में आसपास के ग्रामीणों द्वारा प्रस्तावित उद्योग के पर्यावरणीय जन सुनवाई में एक–एक कर अपना सुझाव, विचार, टीका टिपण्णी एवं आपत्तियां रखने की कार्यवाही प्रारंभ की गई। जन सामान्य द्वारा निम्न सुझाव, विचार, टीका टिपण्णी एवं आपत्तियां दर्ज कराई गई जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

1. <u>डॉ0 केशव कौशिक, ग्राम–सीपत :–</u> हिन्द एनर्जी एण्ड कोल बेनिफिकेशन द्वारा कोल वॉशरी ग्राम–गतौरा में प्लांट लगाया जा रहा है इसके लिए जन सुनवाई रखी गई है। मै आप को एक चीज बताना चाहता हूॅ। कि हिन्द एनर्जी कोल बेनिफिकेशन द्वारा ग्राम हिण्डाडीह एवं ग्राम कर्रा में भी उद्योग स्थापित किया गया है। जिसमें हजारो की संख्या में बेरोजगारो को रोजगार दिया गया हैं। जिससे ग्रामवासीयों का बैद्विक विकास एवं आर्थिक विकास हुआ है। हिन्द एनर्जी के द्वारा समय–समय पर मूलभूत सुविधाएं प्रदान की गई है। जैसे जनहीत में सड़क निर्माण एवं स्वास्थ्य सुविधा का भी ध्यान रखा जाता है। आसपास पेड पौधे भी लगाया जा रहा है। आप सभी को मालूम है कि छ0ग0 में एक समस्या है पलायन का, आज जो बड़े–बड़े उद्योग लगे है जिससे पलायन की समस्या जल्द ही दूर हो जायेगी। जिससे ग्रामवासियों का समाजिक एवं आर्थिक विकास हो सकता है। मेरे लिए प्रसन्नता एवं खुशी की बात है कि हिन्द एनर्जी द्वारा उद्योग लगाया जा रहा है, जिससे स्थानीय भाईयों को रोजगार मिलेगा एवं उसका बैद्विक विकास होगा। मै उद्योग का समर्थन करता हूॅ।

2. <u>श्री चुन्नी लाल यादव, ग्राम–कर्रा भूर्तपूर्व सरपंच</u> :–ग्राम–गतौरा में हिन्द एनर्जी द्वारा कोल वॉशरी की स्थापना किया जा रहा है। उससे हम लोग यह उम्मीद रख रहे है कि हमारे गांव में बेरोजागर व्यक्ति को रोजगार मिलेगा। ग्राम–गतौरा के विकास के साथ–साथ ग्राम–कर्रा का भी विकास का ध्यान दिया जायेगा। यही आशा मै हिन्द एनर्जी से करता हूॅ एवं प्रबंधन से निवेदन है कि विशेष रूप से पर्यावरण संरक्षण का ध्यान देते हुए संस्था अपना काम करें। हमें कोई आपत्ति नहीं है। कर्रा में इतना बड़ा

This document was created using Smart PDF Creator
To remove this message purchase the product at www.SmartPDFCreator.com

सबसे पहली बार कार्यक्रम हो रहा है। इसके लिए मै हिन्द एनर्जी को एवं आयोजित करने वाले को धन्यवाद देता हूॅ एवं सहमति देता हूॅ।

3. श्रीमती मनयारी बाई राठौर, ग्राम–गतौरा–मेरा खेत खराब हो रहा है। कलेक्टर साहब से बोले है तो उसका सुनवाई होना चाहिए। यहां का बैठक है तो वहां का जमीन है। इतना सारा नुकसान हो रहा है नौकरी देने के लिए बोले है। कितने लोगो को नौकरी दिया है जा के देख लें। मौके पर जा के देखो कि ग्राम–गतौरा में खेती बाड़ी कितना नुकसान हो रहा है। नौकरी दे रहे है बोला है यहां कुछ है ही नहीं है। मौके पे जाके खेती का मुआवना करें। मेरा खेत है जो बहुत प्रभावित हो रहा है।

4. श्री समेलाल राठौर, ग्राम–गतौरा–कलेक्टर महोदय से निवेदन है कि ईटीवी वाले को मौके पर जाकर मुआयना कराया जाये। हमारे द्वारा कई बार दरखास्त लगा चुके है ए. डी.एम., कलेक्टर तहसील में आज तक के कोई सुनवाई नहीं हुआ है। और न ही गतौरा में कैम्प लगाया गया। यहां हमको कैम्प लगने का नोटिस भी नहीं मिला है। जबकि हमारे द्वारा सभी जगह आवेदन दिया गया है फिर भी हमारा सुनवाई नहीं हुआ है। अतः कलेक्टर साहब से निवेदन है कि वहां पर इटीवी वाले को भेजकर मौके का मुआवना कराया जाये। और जैसा भी कार्यवाही हो किया जाये।

5. श्री देव सिंह पोर्ते, ग्राम पंचायत गतौरा, सरपंच प्रतिनिधि–आज की जन सुनवाई में आप सभी ग्रामवासियों का हार्दिक अभिनंदन करता हूॅ। जैसा कि आप जानते है कि हिन्द एनजी एण्ड कोल बेनिफिकेशन की जन सुनवाई रखा गया है। मेरा यह मत है कि हिन्द एनर्जी एण्ड कोल बेनिफिकेशन द्वारा हिण्डाडीह एवं कर्रा में स्थापित उद्योग में स्थानीय बेरोजगार लोगो को रोजगार दिया गया हैं जिससे उनकी आर्थिक एवं समाजिक स्थिति में सुधार हुआ है। कंपनी के द्वारा पर्यावरण के संरक्षण हेतु समय–समय पर वृक्षारोपण कार्यक्रय कराया गया है। गावं में मुख्य सुविधाएं जैसे जल, सड़क एवं स्वास्थ्य सुविधाएं समाजिक एवं शैक्षणिक विकास के कार्य भी कराये जाते है। जहां गांव का विकास हुआ है वही दूसरी ओर स्थानीय लोगों का विकास हुआ है। जल एवं वायु पर्यावरण का ध्यान दिया गया है। अतः मुझे हिन्द एनर्जी कोल बेनिफिकेशन उद्योग लगने से कोई आपत्ति नहीं है।

6. श्री दिलहरण लाल निसाद, ग्राम–कर्रा–कोल वॉशरी लगाने से हमारे मजदूर भाईयो को, हमारे गांव के लोगो को रोजगार मिल रहा है। कोल वॉशरी हम लोगो को रोजगार दे रहा है। मेहनत का फल दे रहा है साथ–साथ पगार दे रहा है। और आसपास के गांव

This document was created using SmartPDF Creator
To remove this message purchase the product at www.SmartPDFCreator.com

के लोगों को रोजगार मिल रहा है। रोजगार प्राप्त होगा। जिससे पैसा मिलेगा। तो उसके बच्चे शिक्षित बन सकेंगे। इससे हमें कोई आपत्ति नहीं हैं और हमारे बुटापारा को भी कोई आपत्ति नहीं है। साथ ही साथ पर्यावरण को बनाये रखने के लिए भी पेड़ पौधा लगाये जाये। इससे मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

7. श्रीमती मन्नी बाई वर्मा, ग्राम पंचायत कर्रा, सरपंच,कर्रा– हिन्द एनर्जी द्वारा हमारे ग्राम –कर्रा में उद्योग लगाया गया है। इससे आसपास के क्षेत्रो का विकास हुआ है। सबसे बडा लाभ यह है कि ग्रामवसियों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध हो रहा है। जिससे पलायन रूक गया है और बेरोजगारो को इधर उधर भटकना नहीं पड़ रहा है। प्रत्येक परिवार का आर्थिक विकास हुआ है। हमारे गांव में हिन्द एनर्जी द्वारा रोड़ बनाया गया है। हैंडपंप लगाया गया है सड़क का मरम्मत कार्य कराया गया है। पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखा जाता है तो हम ग्रामवासियों को प्लांट लगने मे हमें कोई आपत्ति नहीं है।

8. श्री नरेन्द्र कुमार कौशिक ग्राम–कर्रा– हिन्द एनर्जी कोल बेनीफिकेशन को मैं धन्यवाद देना चाहता हूं कि हमारे ग्राम कर्रा में बहुत सुंदर ढ़ंग से कार्य कर रहें है, रोड़ को चौड़ीकरण करवा रहे हैं, और हमारे यहां नल जल का कार्य किया गया है। मकान के शेड़ भी बनवाया गया है बहुत सुंदर पौधा रोपण किया जा रहा है। मै इसे धन्यवाद देता हॅू। और इसी तरह आगे तरक्की करते रहे।

9. श्री दादूराम कैवर्त ग्राम–कर्रा– आज बड़ी हर्ष की बात है कि हमारे ग्राम में इतना बड़ा आयोजन पहली बार हो रहा है जिसके प्रणेता हिन्द एनर्जी कोल बेनीफिकेशन लिमि. है और आज के तारीख में जो पर्यावरण से संबंधित जन सुनवाई रखी गई है। हमारे ग्राम में देखा गया है उसके द्वारा सड़क चौडीकरण, शमशानघाट में आज तक प्रशासन की ओर से शेड नहीं था शेड का निर्माण किया जा रहा है साथ ही साथ हमारे ग्रामीण पलायन कर रहे है दूसरे प्रदेश में उनके बाहर जाने की स्थिति थी वह बदल कर गांव में ही रहने की हो गई है। मेरी जानकारी में तो हमारे ग्राम से पलायन पूर्ण तरह से रूक गई है। बड़ा प्लांट लग रहा है उसकी वजह से मजदूर वर्ग, पढ़े लिखे को जो इलेक्ट्रिशियन है जो तकनीशिन है मै हिन्द एनर्जी कोल बेनीफिकेशन से उम्मीद करता हॅू कि उन लोगों को भी रोजगार देगा। उम्मीद करता हूं कि साथ ही साथ हिन्द एनर्जी पर्यावरण का ध्यान रखते हुए ग्राम–गतौरा में 0.96 मि0 टन उत्पादन के दर से



This document was created using Smart PDF Creator
To remove this message purchase the product at www.SmartPDFCreator.com

कोल वॉशरी स्थापित कर रहा है। पूर्णतः पर्यावरण को दृष्टिगत एवं सुरक्षित रखते हुए अगर स्थापना करना चाहता है तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

10. श्री संतोष कुमार निसाद, ग्राम– कर्रा, पंच–कर्रा – ग्राम– गतौरा में कोल वॉशरी प्लांट खुलेगा ग्राम गतौरा का विकास होगा साथ ही साथ ग्राम कर्रा के बेरोजगार व्यक्ति को भी मजदूरी मिल सकता है, जिसमें ग्राम के मजदूरों का आर्थिक सुधार होगा। पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए कोल वॉशरी प्लांट स्थापित करें। हमारी कोई आपत्ति नहीं है।

11. श्री बसंत कुमार पटेल ग्राम–कर्रा– बड़ी खुशी की बात है कि हमारे ग्राम में हिन्द एनर्जी प्लांट खुल रहा है। गरीब आदमी को मजदूरी नहीं मिल रहा था। बाहर जाकर भटकना पड़ता था। उसके साथ किसी प्रकार का घटना घटित हो जाता था। इसलिए हिन्द एनर्जी प्लांट के खुलने से अच्छा हो रहा है गरीब आदमी को इसी ग्राम में मजदूरी मिल रहा है। आसपास के ग्राम वासियों को मजदूरी मिल रहा है । इसलिए हिन्द एनर्जी प्लाट खुलकर अच्छा हुआ। सड़क मरम्मत का कार्य हो रहा है। मुक्तिधाम बन रहा है और हैडपंप का भी काम हो रहा है। इसलिए हिन्द एनर्जी प्लांट खुलकर अच्छा हुआ । क्योंकि यहां का वातावरण बहुत सुंदर है और गरीब आदमी का आर्थिक स्थिति कल जो था वो आज नहीं है। स्थिति कम से कम 100 में 75 प्रतिशत सुधर गया है। इसलिए हम यही चाहते हैं कि हिन्द एनर्जी सदा दिन चलता रहे।

12. श्री मंगलू प्रसाद टंडन ग्राम पंचायत–लिमतरा मतवाली पारा, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष, मस्तूरी– मुझे सुनकर प्रसन्नता हुई है क्योकि जन सुनवाई के माध्यम से लोगों के समस्याओं को सुनने पर खुशी हो रहा है खास करके अधिकारियों से मेरा निवेदन है कि जो बाते यहां पर हो रहा है उसका फालोअप होना चाहिए जन समस्या निवारण शिविर, मस्तूरी में, दर्री घाट में सम्माननीय जिलाधीश महोदय के समक्ष रोड के संबंध में एक बात रखा था। तो उसे तत्काल अनुमति प्रदान किया गया था। किन्तु कुछ दूर तक रोड का निर्माण किया गया फिर वह रूक गया। इस तरह यहां भारी वाहन कोयला लेकर के दर्रीघाट से गतौरा की ओर आते हैं। वो रोड की स्थिति बहुत दयनीय है मेरा अनुरोध है कि वो सीधा कोल वॉशरी पूल के पास रास्ता जो दर्री घाट से सीधा वही लोग जाते है और गतौरा स्टेशन आना हो तब इधर आते हैं। आपकी तरफ से हो सके तो वहां पर रेल्वफाटक का व्यवस्था किया जावे। ताकि गतौरावासी उस रोड से सुरक्षित आना जाना कर सके। कभी दुर्घटना न हो उसके लिए भी

This document was created using SmartPDFCreator. To remove this message purchase the product at www.SmartPDFCreator.com

सुरक्षित व्यवस्था की जाये जनताओं की भावनाओं की कद्र करें क्यों कि हम आपके सहयोगी हैं। आपके कोल वॉशरी में काम करने हम ही जायेंगे आपके हर क्षेत्र में सहयोग हम ही करेंगे। लोगों के हित में काम करते रहिए मैं इस कोल वॉशरी के स्थापना के संबंध में पूरी तरह समर्थन में हूॅ और मैं आशा करके व अंतिम निवेदन करना चाहता हूॅ कि जो भी उचित मांगे है जनता के हित को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जाये जनता आपके साथ हैं।

13. श्री बल्ला राठौर, ग्राम– गतौरा– कोल वॉशरी प्लांट लगाया जा रहा है। उसमें हमारे ग्राम के बेरोजगार को काम मिलेगा जो बाहर काम करने जाते हैं गांव में रहकर काम करेंगे अपनी आर्थिक समस्या का निवारण करेंगे और इसलिए ग्राम का भी विकास होगा इसके साथ–साथ मैं हिन्द एनर्जी एण्ड कोल बेनीफिकेशन से निवेदन करता हूॅ कि पर्यावरण की प्रोजेक्ट अनुसार अपना प्लांट लगायें और जिस जगह पौधे लगाने की जरूरत हो वहां पौधा लगायें। जिससे पर्यावरण को भी नुकसान न हो और इसके साथ साथ किसी भी किसान का खेत को नुकसान हो रहा हो तो उसका भी निराकरण करें।

14. श्री सुरेश कुमार राठौर, ग्राम–गतौरा – गतौरा में जो हिन्द एनर्जी का प्लांट लगाया जा रहा है। उसमें मुझे किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है। गांव में बहुत सारे बेरोजगार युवक एवं महिलाए हैं लगभग सभी को रोजगार का अवसर प्राप्त हो रहा है भविष्य में और संभावनाएं हैं उसके साथ ही साथ भविष्य में जो अन्य प्लांट लगाये है तो उसमें देखने को मिला है कि शायद ग्रामीण विकास के लिए कहीं–कहीं छोटा मोटा काम भी करवाते है वो हमारे ग्राम पंचायत को भी प्राप्त होगा। इसलिए मै कोल बेनिफिकेशन को पूर्ण समर्थन देता हूॅ।

15. श्री राम कुमार केवर्त ग्राम पंचायत कर्रा–जनसुनवाई में कोल वॉशरी प्रबंधन से ये आशा करता हूॅ कि गांव के विकास की ओर ध्यान देते हुए सभी क्षेत्रो में विकास की ओर ले जाये और मैं अपने तरफ से निवेदन करता हूॅ कि किसान भाईयों की जो भी समस्या है उसका तत्काल हल करें। एक मुख्य समस्या है कि गतौरा स्टेशन के पास जो बरसात में पानी आता है नहर से वहां पर पक्का नाली गतौरा स्टेशन से किनारे होते हुए रेल्वे पुल से निकाले इसी के साथ मै आशा करता हूॅ कि मेरे यहां कुछ अच्छे प्लेयर क्रिकेट के हैं। कोल प्रबंधन से मैं आशा करता हूॅ कि उसकी ओर भी ध्यान दें क्यों कि गांव से ही अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी निकलते है इस ओर विशेष ध्यान दें।

This document was created using SmartPDFCreator
To remove this message purchase the product at www.SmartPDFCreator.com

16. श्री राजकुमार धिवर ग्राम– गतौरा – आज हमारे मोहल्ले में 5 साईकिल नहीं थे जो 50 मोटर सायकल हो गयें है। ये हिन्द एनर्जी की देन है और आशा करता हूं कि 50 मोटर सायकल से 100 मोटर साईकल हो जाये और ये काम को और बढावे।

17. श्री सतीश राव ग्राम– गतौरा–प्लांट खुलने पर मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

18. श्री शिव कुमार पटेल, ग्राम–गतौरा–प्लांट खुलने से बहुत आदमी काम में लगे है। प्लांट खुलने से मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

19. श्री राहुल चंद्राकर, ग्राम–गतौरा–प्लांट खुलने से हमें कोई आपत्ति नहीं है।

20. श्री हीरालाल कैवर्त ग्राम कर्रा–हिन्द एनर्जी के खुलने से हमारे ग्राम में जो बेरोजगार नवयुवक थे उन सब को प्रायः काम मिल गया है। कंपनी से निवेदन करना चाहता हूं कि यहां के शिक्षित एवं अशिक्षित बेरोजगार नवयुवको को काम दे। कृषि प्रधान देश है कृषि पर ही देश के लगभग शत प्रतिशत आदमी निर्भर है तो इसके लिए प्रबंधन से मैं निवेदन करना चाहता हॅू कि जो धूल प्रदूषण हो रहा है एवं प्रदूषित की पानी निकासी की ओर विशेष ध्यान देनें का कष्ट करें। रोजगार के सृजन के साथ–साथ नया प्लांट लगाने में मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

21. श्री भवरसिंह पोर्ते, ग्राम– गतौरा–प्लांट से कोई आपत्ति नहीं है।

22. श्री श्याम लाल पटेल, ग्राम–कर्रा–मूल चीज पेट भरना है। रोजी रोटी के साथ जब पेट भरेगा तब दिमाग बढ़ेगा बच्चे लोग पढेगें/कोल वॉशरी से हमारे ग्राम के बेरोजगार नवयुवक को रोजगार मिल रहा है। ग्राम गतौरा में कोल वॉशरी खुलने वाला है तो कोल वॉशरी प्रबंधन से निवेदन करता हॅू कि वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण का नियंत्रण रखते हुए कोल वॉशरी खोल रहे हैं तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

23. श्री अशोक कुमार ग्राम –गतौरा–मैं किसान हूं मेरा खेत निकला हुआ है कोल वॉशरी में मुझे काम देने का वादा प्रबंधन द्वारा किया गया था। लेकिन अभी तक काम नहीं दिया गया है, घुमाया जा रहा है मुझे कोल वॉशरी में काम दिया जाये यही प्रार्थना है।

24. श्री रामकृष्ण धीवर ग्राम–गतौरा– प्लांट खुलने से हम लोग सभी दोस्तो को काम मिल रहा है जो साईकल में काम करने जाया करते थे वो आज गाडी में जा रहे है जिससे प्लांट खुलने से मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

This document was created using Smart PDF Creator
To remove this message purchase the product at www.SmartPDFCreator.com

25. श्री संजय कुमार वस्त्राकर ग्राम– गतौरा–आज जितने भी बेरोजगार हैं उनको कोल बेनिफिकेशन की वजह से रोजगार मिल रहा है। और आगे भी रोजगार मिलेगा। इससे हमारे गांव की बेरोजगारी दूर हुआ है। इसलिए कोल बेनिफिकेशन को धन्यवाद देते है।

26. श्री राजू कुमार भट्ट ग्राम–गतौरा– कोल वॉशरी खुलने में कोई आपत्ति नहीं है।

27. श्रीमती विमला धीवर ग्राम–गतौरा–हमारे गांव में कोल वॉशरी खुला उससे हमको कोई आपत्ति नही हैं पहले क्या था कि मजदूर लोग मजदूरी करने के लिए भटकते थे उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। लेकिन कोल वॉशरी के खुलने से जितने भी मजदूर वर्ग के है आनंद से अपना जीवन यापन कर रहे हैं कोल वॉशरी से मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

28. श्री लक्ष्मी कुमार वस्त्रकार ग्राम–गतौरा– गतौरा में प्लांट खुलने से मुझे कोई आपत्ति नहीं हैं इससे बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा।

29. श्री दिनेश कुमार चंद्राकर ग्राम– गतौरा–कोल वॉशरी खुलने से कोई आपत्ति नहीं है।

30. श्री बम्हा वस्त्रकार ग्राम– गतौरा–कोल वॉशरी खुलने से कोई आपत्ति नहीं है।

31. श्री सूरज कुमार राठौर, ग्राम–गतौरा–कंपनी खुलने से मुझे कोई आपत्ति नहीं है। मुझे रोजगार चाहिए। मजदूर किसान सब को काम मिलना चाहिए।

32. श्री राजू राठौर ग्राम–गतौरा–मैं हिन्द एनर्जी से इतना कहना चाहता हूँ कि जो भी हमारी जमीन निकला है उनके परिवार के सदस्य को नौकरी दे। स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार मिल जाये इसमें हमें कोई आपत्ति नहीं है और गांव का पूर्ण रूप से विकास हो जाये। मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

33. श्री तिलेश्वर राठौर ग्राम–गतौरा– प्लांट के खुलने से बेरोजगार को रोजगार मिल रहा है पहले बिलासपुर जाना पडता था रोजगार के लिए अब प्लांट खुलने से यहां काम मिल रहा है इसलिए प्लांट खुलने से हमें कोई आपत्ति नहीं हैं

34. श्री रामचरण कौशिक ग्राम–कर्रा–हिन्द एनर्जी के द्वारा कोल वॉशरी खोले जा रहे है उस पर कोई आपत्ति नहीं है हम लोग भी गांव वाले सहमत हैं हमारी एक मांग है कि गांव की रोड में बड़ी–बड़ी गाड़िया चलने से रोड की स्थिति चरमरा जायेगी उसको ध्यान रखते हुए रोड मजबूत बनाया जाये और आसपास के जो किसान है जो प्रदूषण

This document was created using Smart PDF Creator
To remove this message purchase the product at www.SmartPDFCreator.com

से प्रभावित हो रहे है उस पर भी विशेष ध्यान देंवे क्योंकि अन्न ही जीवन है किसान पैदावार करेगा तो जियेगा। पैसा खाकर नहीं जी सकता विशेष ध्यान खेती पर प्रदूषण से नुकसान न हो यही मेरे तरफ से विनती है। लोगों के हित में सार्वजनिक कार्य जो रोड है गांव की व्यवस्था है उस पर विशेष ध्यान दिया जाये।

35. श्री संजय च्रदाकर ग्राम– गतौरा–कोल वॉशरी खुलने से हमें कोई आपत्ति नहीं है।

36. श्री जगत सिंह पोर्ते ग्राम–गतौरा– कोल वॉशरी खुलने से कोई आपत्ति नहीं है।

37. श्री माखन सिंह राजपूत ग्राम– गतौरा– कोल वॉशरी प्लांट खुलने से मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

38. श्री जितेन्द्र कुमार धीवर, ग्राम–गतौरा– कोल वॉशरी प्लांट खुलने से मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

39. श्री विदयांनद राठौर ग्राम–गतौरा– कोल वॉशरी खुल रहा है उसके आस पास हम पचासों किसानों की खेती है उसमें उसका कोयला उड़ कर जायेगा। उसमें धान नहीं होगा। इसलिए हमारे खेत की फसल को ध्यान में रखे यही मेरी प्रार्थना है।

40. श्री टीकाराम चंद्राकर ग्राम– गतौरा– कोल वॉशरी खुलने पर मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

41. श्री मनहरण लाल कैवर्त कर्रा– मेरे कुछ तथ्यों को विशेष ध्यान देंगे गांव के माता बहनो से निवेदन है कि कोल वॉशरी से लोगो को रोजगार मिलेगी लेकिन मेरे दोस्तो भूल जाते है कि आज काम करने के बाद जब उन पर टीबी दमा जैसे भयंकर रोग होगा। मेट्रो सिटी बनेगा तो क्या रोजगार नहीं मिलेगा। सिर्फ कोल वॉशरी से रोजगार मिलेगा हम अपने बच्चे को पढ़ा रहे हैं क्यों पढ़ा रहे हैं रोजगार ही देना है तो स्कूल को बंद करवा दीजिए, मास्टर लोग को क्यों वेतन दे रहे हैं नहीं देना चाहिए, क्योंकि स्कूल में पढ़ाने से कोई फायदा नहीं है। रोजगार ही एक साधन नहीं होता कि जिनको रोजगार मिल गया तो मै यही कहना चाहूंगा बार–बार कि अपने बच्चे को जब स्कूल में भेजते हैं तो उनके भविष्य को सोच कर भेजते हैं ये नहीं कि उनको एक मजदूर की तरह कोल्हू के बैल की तरह जो पुराने जमाने में एक बैल को चारों तरफ से घुमाया जाता था। उसी तरह से जोतना चाहतें हैं आप लोग बच्चे को नागर जोतने के लिए नहीं भेज रहे हैं उन्हें पढ़ने भेज रहे हैं तो पढ़ने जैसा काम करने दो। मै सिर्फ कर्रा के

This document was created using Smart PDF Creator
To remove this message purchase the product at www.SmartPDFCreator.com

लिए नहीं बोल रहा हूँ। लिमतरा एवं आसपास के जितने गांव जुडे है उनसे मेरा संबंध है। आप जानते हुये भी अनजान क्यो बन रहे है। प्रभावित सब लोग होंगे। पूरी परिवार बीमार हो जाते है। एक बच्चा बीमार हो चाहे घर के बुढे बीमार हो तो पूरे परिवार बीमार पड़ जाते है। क्योकि उनको काम ही करवाना है बस। मै यहां निजी प्रतिनिधि हूँ। कोल वॉशरी कंपनी से पैसा लेना और बाकी लोगों को भ्रमित करके हस्ताक्षर करा लेना। यही इनका काम है।

42. श्री भगत कौशिक, ग्राम–कर्रा–यहां जन सुनवाई है। मै बोलना चाह रहा हूं कि हमारे यहां जो मनहरण भैया जो बोलने आये है। वो हमारे गांव के नहीं है। हमारे ग्राम पंचायत कर्रा के लोग जो बेरोजगार था। उसे रोजगार मिला है आज हिन्द एनर्जी खुलने के कारण बेरोजगार को रोजगार मिला है। और गावं में पढ़े लिखित शिक्षित लोगों को रोजगार मिला है।

43. श्रीमती सावित्री बाई, ग्राम–कर्रा – दूसरे गांव के लोगों द्वारा यहां आकर बोलने का कोई अधिकार नहीं है ये न यहां रहने वाला नहीं है। इसकी बात को सुनना है न ही यहां के समस्या को समझता है। हमारे गांव के लोगों को रोजगार मिलना चाहिए।

44. श्री बंशीधर वर्मा पंच, ग्राम–कर्रा –जो आदमी रेगुलर गांव में है और कोल वॉशरी से संबधित नुकसान, फायदा के संबंध में बोलना चाहता है तो समझ में आता है। मनहरण कैवर्त 20–25 मिनट तक भाषण दिया है ये न गांव के रहने वाले है न तो कभी गांव के बारे में कुछ जानता है। यहां के आसपास गावं के स्थानीय लोगो को कोल वॉशरी में रोजगार मिलना चाहिए।

45. श्री दिलेन्द्र कौशिक, ग्राम–सीपत–जो हिन्द एनर्जी एण्ड कोल वॉशरी खुल रहा है मैं उसके समर्थन के लिए खड़ा हूं। मै सीपत का रहना वाला हूँ। और एशिया का सबसे बडा एनटीपीसी का प्लांट चल रहा है। पर्यावरण प्रदूषण की बात है तो पर्यावरण प्रदूषण को एक मुद्दा बनायेंगे। एनटीपीसी से जितना प्रदूषण हो सकता है। उतना छोटे से कोल वॉशरी प्लांट से क्या प्रदूषण होगा। कोल वॉशरी प्लांट खुलने से यहां के स्थानीय लोगों को नौकरी एवं रोजगार मिलेगा। उद्योग के स्थापना के संबंध में हमारा समर्थन हैं।

46. श्री गेंदराम, ग्राम–कर्रा– मै हिन्द एनर्जी के बार में बोलना चाहता हूँ कि आसपास के क्षेत्र में कोल डस्ट उड़ने से खेती किसानी को नुकसान है। खेती किसानी को कोई

This document was created using Smart PDF Creator. To remove this message purchase the product at www.SmartPDFCreator.com

नुकसान नहीं होना चाहिए। उद्योग प्रबंधन को आवश्यक उपकरण लगाकर डस्ट रोकना चाहिए।

47. श्री सुरेश कुमार राठौर, ग्राम–गतौरा – कंपनी को खुलने का इजाजत न दे।

48. श्री कलेश्वर प्रसाद, ग्राम–खैरा–कोल वॉशरी खुलने से कोई दिक्कत नहीं हैं कोल वॉशरी ग्राम से दूर होना चाहिए।

49. श्री तिहारू, ग्राम–गतौरा–यही कोयला डस्ट से खेती खार को नुकसान कर रहा है। फसल नुकसान हो रहा है। इसे आवश्यक उपस्कर लगाकर दूर करना चाहिए।

50. श्री फिरतू राम कैवर्त, ग्राम–कर्रा–कोल वॉशरी प्रबंधन से निवेदन है कि शुभ काम में देरी क्यो कर रहे है। जल्द खुलना चाहिए।

51. श्री नरेन्द्र कुमार वस्त्रकार, ग्राम–गतौरा–कोल वॉशरी द्वारा निजि अधिग्रहण भू–स्वामी के परिवार को शासन द्वारा निर्धरित मुआवजा दिया जाये एवं स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया कराया जाये। साथ ही साथ प्रभावित गांव में पर्याप्त वृक्षारोपण करावें, जिससे पर्यावरण को नुकसान न हो। संबंधित गांव का सामाजिक विकास हो सकें।

52. श्री गोवर्धन प्रसाद साव, ग्राम–फरहदा–हिन्द वॉशरी जो खुल रहा है उसका विरोध नहीं है।

53. श्री ज्वाला प्रसाद चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मस्तूरी–कोई भी उद्योग लगाने से तकलीफ नहीं होता । जनहीत में कार्य होना चाहिए। जहां कोल वॉशरी लगना है वहां आने वाले समय में आसपास का क्षेत्र प्रदूषित नहीं होना चाहिए। प्रदूषण के रोकथाम के लिए आवश्यक उपस्कर लगाया जाये, जिससे फसल को नुकसान न हो। मै इस कार्य का समर्थन करता हूँ। मजदूर को काम मिल रहा है अच्छी बात है। अगर किसान को कोई नुकसान नहीं होता तो मै इस उद्योग का समर्थन करता हूॅ। अगर किसान के फसल को नुकसान होता है तो मै इसका भरपूर विरोध करता हूॅ।

54. श्रीमती गीता देवी विश्वकर्मा, ग्राम–गतौरा –कोल वॉशरी में जिसकी खेती गई हैं, उसको रोजगार दिया जाये। कोल वॉशरी खुलने में कोई आपत्ति नहीं है।

This document was created using Smart PDF Creator
To remove this message purchase the product at www.SmartPDFCreator.com

अपर कलेक्टर, जिला–बिलासपुर द्वारा जन सामान्य को अवगत कराया गया कि लोक सुनवाई के पूर्व निर्धारित अवधि में क्षेत्रीय कार्यालय छ0.ग0 पर्यावरण संरक्षण मंडल को प्रस्तावित उद्योग के संबंध में कुल 521 एवं लोक सुनवाई के दौरान 161 लिखित रूप से आपत्ति/सुझाव/विचार/ टीका टिप्पणी प्राप्त हुये है। कुल 682 लिखित आवेदन प्राप्त हुए है। सम्पूर्ण लोक सुनवाई कार्यक्रम की विडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराई गई है। लोक सुनवाई के दौरान लगभग 500 जनसामान्य की उपस्थिति देखी गई जिसमें से 54 व्यक्तियों द्वारा मौखिक रूप से उद्योग स्थापना के संबंध में अपना सुझाव/विचार एवं आपत्तियां व्यक्त की गई। जन सुनवाई के दौरान उपस्थित जनसमुदाय में से 113 लोगो द्वारा अपनी उपस्थिति, लोक सुनवाई उपस्थिति पत्रक में दर्ज कराई गई है।

दिनांक 20.11.2012 को लोक सुनवाई कार्यक्रम के समापन पर अपर कलेक्टर, बिलासपुर द्वारा उपस्थित जन समुदाय को लोक सुनवाई में उपस्थित होने एवं आवश्यक सहयोग देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए लोक सुनवाई की कार्यवाही को समाप्त करने की घोषणा की गई।

(बी.एस.ठाकुर)
क्षेत्रीय अधिकारी
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल
बिलासपुर (छ.ग.)

(नीलकंठ टिकाम)
अपर कलेक्टर
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

This document was created using Smart PDF Creator
To remove this message purchase the product at www.SmartPDFCreator.com